## महत्वपूर्ण एवं खास

### जमीन बंटवारा को लेकर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर (आरएनएस)।** गांधी नगर पंडरी में जमीन बंटवारा को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थिया बबीता बाग 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी दुर्जे सोना व मीना सोना ने घर बंटवारा को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थिया रत्नावती सोना 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपिया बबीता बाग व गगन बाग ने घर बंटवारा को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 13 गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी पुलिस ने नशेडिय़ों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर रावाभाठा में सरेआम शराब पीते आरोपी दिनेश केंवट 37 वर्ष व पप्पु डहरिया 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गंज थाना पुलिस ने आरोपी विशाल यादव 23 वर्ष व योगेश यादव 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह डीडीनगर पुलिस ने आरोपी काजल पांडे 20 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी मनीप्रसाद देवांगन 22 वर्ष एवं आरंग पुलिस ने आरोपी ललित बंजारे 32 वर्ष व मिलेश कुमार निर्मलकर 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी गोविन्द साहू 44 वर्ष, रोहित देवांगन 32 वर्ष व दिनेश कोसले 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह धरसींवा पुलिस ने आरोपी पदनाम कश्यप 29 वर्ष व संतोष नौरंगे 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब के साथ तीन व्यक्ति गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** सिविल लाइन और माना पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 16 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन पुलिस ने जय जवान पेट्रोल पंप के पास कार क्रमांक सेंट्रो कार क्रमांक सीजी 04 एनबी 8014 में अवैधा शराब तस्करी करते आरीफ खान 26 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने सब्जी मंडी डुमरतराई के पास आरोपी लंबोदर चौहान 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 6 बॉटल अंग्रेजी बियर जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### एनटीपीसी कोरबा द्वारा मूल्य-मूलिक परिवार जीवन प्रबंधन पर प्रशिक्षण संचालित

**कोरबा (आरएनएस)।** एनटीपीसी कोरबा ने आज अपने कर्मचारी विकास केंद्र (श्वष्ठष्ट) के माध्यम से मूल्य-मूलिक परिवार जीवन प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन एम/एस. भार्गव मैनेजमेंट कंसल्टेंट्स के साथ किया गया था, जिसमें विदेशी विशेषज्ञ बी. गणेश भी शामिल थे। यह कार्यक्रम 20 जुलाई 2024 को एनटीपीसी कोरबा में हुआ। यह प्रशिक्षण सत्र मैत्री महिला समिति के सदस्यों और एनटीपीसी कोरबा के कर्मचारियों की पत्नियों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया था। कुल 17 प्रतिभागी इस कार्यक्रम में सक्रिय भाग लिए, जिसका मुख्य ध्यान परिवारी रिश्तों को समर्थन देने और परिवारिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण कौशलों और अंतर्दृष्टियों को सिखाने पर था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान, मैत्री महिला समिति की अध्यक्षा रोली खन्ना सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य भी मौजूद थे।

# मध्य और दक्षिणी छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की संभावना कई स्थानों के लिए येलो, ऑरेंज और रेड अलर्ट जारी

**रायपुर | आरएनएस**

मानसून की एंट्री के बाद भी छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में बारिश नहीं होने से लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है. इस बीच मौसम विभाग ने मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की संभावना जताई है. इसके लिए 27 जिलों में अगले 24 से 48 घंटे तक अलर्ट जारी किया गया है. जिसमें येलो और ऑरेंज अलर्ट शामिल हैं. साथ ही एक-दो जगहों पर रेड अलर्ट भी जारी कर चेतावनी दी गई है.

**अगले 24 घंटों में भारी बारिश की चेतावनी-** मौसम विभाग के अनुसार, येलो अलर्ट: प्रदेश के राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, कांकेर और नारायणपुर जिलों में एक-दो स्थानों पर अति भारी वर्षा होने की संभावना है. साथ ही गरियाबंद, धमतरी और खैरागढ़- छुईखदान-गंडई जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है. ऑरेंज अलर्ट: बालोद जिले में एक-दो स्थानों पर अति भारी वर्षा होने की संभावना है.

**अगले 48 घंटों के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी**

**रेड अलर्ट:** सुकमा और बीजापुर जिलों में एक-दो स्थानों पर चरम भारी वर्षा होने की संभावना है.

**येलो अलर्ट:** प्रदेश के रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग, बालोद, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बस्तर और सुकमा जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है.

**ऑरेंज अलर्ट:** प्रदेश के कोंडागांव, दंतेवाड़ा, कांकेर, बीजापुर और नारायणपुर जिलों में एक-दो स्थानों पर अति भारी वर्षा होने की संभावना है.

इसके साथ ही भारी से अति भारी वर्षा से सबरी, इंद्रावती और गोदावरी नदियों के घाटियों में बाढ़ की संभावना जताई गई है. जलभराव की स्थिति की वजह से कुछ हिस्सों पर बंद हो सकती है. यातायात और स्थानीय ढांचे पर भी प्रभाव हो सकता है. यहां तक कि कच्ची सडक़े और कमजोर ढांचे क्षतिग्रस्त हो सकते है।

**छत्तीसगढ़ के बस्तर में बाढ़ : ओरछा ब्लॉक बना टापू, भैरमगढ़ नेशनल हाईवे जाम, जन-जीवन अस्त-व्यस्त-** बस्तर में लगातार हो रही बारिश के कारण जगह-जगह बाढ़ की स्थिति बन गई है। जल स्तर के बढऩे से आम जन-जीवन प्रभावित हो गया है। नारायणपुर में पिछले दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है।

झमाझम हुई बारिश के चलते टेकानार पिनगुण्डा नदी में बाढ़ आ गई। बाढ़ के कारण अबूझमाड़ का ब्लॉक मुख्यालय ओरछा टापू बन गया है। इधर ओरछा से आने वाली यात्री बसों के भी पहिए थम गए हैं।

**छत्तीसगढ़ में अब तक 355.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज-** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 355.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 21 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 854.4 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 138.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 204.3 मिमी, बलरामपुर में 341.3 मिमी, जशपुर में 241.4 मिमी, कोरिया में 249.5 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 205.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 291.1 मिमी, बलौदाबाजार में 314.7 मिमी, गरियाबंद में 428.2 मिमी, महासमुंद में 251.6 मिमी, धमतरी में 396.7 मिमी, बिलासपुर में 347.9 मिमी, मुंगेली में 340.2 मिमी, रायगढ़ में 332.5 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 205.3 मिमी, जांजगीर-चांपा में 332.3 मिमी, सक्ती में 277.4 कोरबा में 397.6 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 343.2 मिमी, दुर्ग में 223.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 287.0 मिमी, राजनांदगांव में 409.4 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 409.6 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 267.3 मिमी, बालोद में 465.3 मिमी, बेमेतरा में 202.6 मिमी, बस्तर में 513.1 मिमी, कोण्डागांव में 409.4 मिमी, कांकेर में 445.8 मिमी, नारायणपुर में 476.9 मिमी, दंतेवाड़ा में 463.0 मिमी और सुकमा जिले में 652.1 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## रोजगार पंजीयन और नवीनीकरण ऑनलाइन कर सकता है आवेदक

**छत्तीसगढ़ में नवीन व्यवस्था ई-रोजगार पोर्टल**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर द्वारा नवीन ई-रोजगार पोर्टल प्रचलन में है। रोजगार कार्यालय के पुराने पोर्टल में जो आवेदन पंजीकृत है, उन्हें पंजीयन, नवीनीकरण एवं अतिरिक्त योग्यता दर्ज करने के लिए नवीन ई-रोजगार पोर्टल का उपयोग करना होगा। प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी रामजीत राम ने बताया कि यदि आवेदक पूर्व से ही प्रदेश के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत है, तो दोबारा नया पंजीयन नहीं करें। यदि वह अपने पंजीयन में किसी प्रकार का अद्यतन अथवा नवीनीकरण करना चाहता है, तो अपना पुराना पंजीयन क्रमांक डालकर आगे बढ़े। यदि आवेदक प्रदेश के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पूर्व में पंजीकृत नहीं है, तो नया पंजीयन बटन पर क्लिक करें। आवेदक पोर्टल में पंजीयन हेतु अपना मोबाईल नंबर दर्ज कर मोबाईल ओटीपी भेजें बटन पर क्लिक करें। इसके पश्चात मोबाईल पर प्राप्त ओटीपी की एंट्री कर मोबाईल ओटीपी सत्यापित करें बटन पर क्लिक करें। मोबाईल ओटीपी सत्यापित होने के पश्चात् आधार नंबर एवं आधार के अनुसार अंग्रेजी में अपना नाम दर्ज करें। आधार प्रमाणीकरण हेतु सहमति देवें, तदुपरान्त आधार ओटीपी भेजें बटन पर क्लिक करें। आधार में दर्ज मोबाईल नंबर पर प्राप्त आधार ओटीपी की एंट्री कर आधार ओटीपी सत्यापित करें बटन पर क्लिक करें। अन्य वांछित जानकारी भरकर सुरक्षित करें बटन पर क्लिक करें। इसके पश्चात् आवेदक को नया पंजीयन क्रमांक प्राप्त होगा एवं आवेदक के मोबाईल पर ई-रोजगार पोर्टल पर लॉग-इन करने हेतु यूजर आईडी (आवेदक का रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर) एवं पासवर्ड प्राप्त होगा।

ई-रोजगार पोर्टल https://erojgar.cg.gov.in पर लॉग-इन करने हेतु जॉब सीकर लॉग- इन पर क्लिक कर मोबाईल नंबर पर प्राप्त यूजर आईडी (आवेदक का रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर),पासवर्ड एवं कैपचा कोड की एंट्री कर लॉग इन पर क्लिक करना है। लॉग-इन के पश्चात् आवेदक को अपना डैशबोर्ड दिखाई देगा, जिसमे आवेदक अपना पंजीयन पहचान-पत्र (एक्स-10) कभी भी कहीं से भी प्रिंट कर प्राप्त कर सकता है। इस पहचान पत्र पर जिला रोजगार अधिकारी के हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं होगी। आवेदक पोर्टल पर अपना लॉग इन करके अपनी जानकारी केवल एक ही बार सुधार सकते है। जिसमें से आधार नंबर, मोबाइल नंबर, नाम एवं जन्मतिथि में परिवर्तन नहीं किया जा सकता। यदि आवेदक को अपना नाम या जन्मतिथि सुधरवाना है,तो सम्बंधित जिला रोजगार कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। रोजगार कार्यालय भी एक बार ही किसी आवेदक के पंजीयन में सुधार कर सकते हैं। यदि त्रुटिवश रोजगार कार्यालय द्वारा एक बार में ही सभी आवश्यक सुधार नहीं किये जा सके, तो रोजगार कार्यालय को संचालनालय स्तर पर अनुरोध करना होगा। रोजगार कार्यालय पुराने पोर्टल में पंजीकृत आवेदकों की जानकारी अपडेट करने के पहले ये सुनिश्चित कर लें कि उस आवेदक का नवीनीकरण इस माह में नहीं किया जाना है।

## रायपुर में अपराध और नशे के कारोबार के खिलाफ लोगों का फूटा गुस्सा

**रायपुर | आरएनएस**

राजधानी में नशे के कारोबार, मारपीट और चाकूबाजी की घटनाओं से परेशान लोगों ने अपने आक्रोश को जाहिर करते हुए रामनगर के कर्मा चौक में चक्का जाम किया. इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए. स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि घटनाओं को लेकर पुलिस-प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि से कई बार शिकायत कर चुके हैं फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है.

जानकारी देते हुए स्थानीय लोगों ने कहा कि पिछले कई दिनों लगातार गुढिय़ारी और रामनगर क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार, सामाजिक तत्व के द्वारा गुंडागर्दी, मारपीट, चाकू-बाजी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है. जिसको लेकर कई बार पुलिस प्रशासन को शिकायत भी कर चुके हैं. लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. जिससे आक्रोशित होकर आज लोगों ने रामनगर के कर्मा चौक में प्रदर्शन कर चक्का जाम किया. इसकी शिकायत हमने कल गुढिय़ारी थाना प्रभारी को भी दी है. इसके बाद भी अगर बात नहीं बनी तो आने वाले समय में लोगों ने गृहमंत्री का दरवाजा खटखटाने की बात की है.

## अनियमित कर्मचारियों ने निकाली रैली, नियमितीकरण, वेतन विसंगति दूर करने समेत 10 मांगों को लेकर उठाई आवाज, सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर (आरएनएस)।** नियमितीकरण, वेतन विसंगति दूर करने समेत दस सूत्री मांगों को लेकर प्रदेशभर के अनियमित कर्मचारियों ने रायपुर में ध्यानाकर्षण रैली निकाली. छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले कर्मचारियों ने तूता धरना स्थल पर प्रदर्शन किया. इसके बाद रैली निकालकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने निकले, जिसे पुलिस ने तूता रेलवे ओवरब्रिज के पास रोक लिया.

बता दें कि प्रदेशभर में पांच लाख अनियमित कर्मचारी हैं. रैली के बाद कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा. अनियमित कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि अनियमित कर्मचारियों की 10 सूत्री मांग है. इनमें नियमितीकरण, वेतन विसंगति निराकरण, अनुकंपा नियुक्ति और अनुदान में राशि में वृद्धि समेत अन्य मांगें शामिल हैं.

कर्मचारियों की मांगों में नियमितिकरण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, ग्रेड पे निर्धारण, वेतन विसंगति निराकरण, सीआर व्यवस्था में सुधार, चिकित्सा परिचर्या, अवकाश नियम में बदलाव, अनुकंपा नियुक्ति और अनुदान में राशि में वृद्धि, सेवा पुस्तिका संधारण, तबादला व्यवस्था में नियमितता, धरना प्रदर्शन के दौरान अनियमित कर्मचारियों पर दर्ज मुकदमा को शून्य करने की मांगें शामिल है।

## छत्तीसगढ़ में राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मारा छापा, 4 अवैध क्लिनिक सील

**बिलासपुर | आरएनएस**



न्यायधानी में राजस्व व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध क्लिनिकों पर कार्रवाई की है. कोटा में देर रात तक चली कार्रवाई में जांच के बाद 4 क्लिनिकों को सील कर दिया गया. इनमें टेंगनमाड़ा के दीपक के गुप्ता क्लिनिक और करगी कला के चिरंजीत विश्वास क्लिनिक के साथ ही कोटा में संचालित विश्वास क्लिनिक और मरावी क्लिनिक शामिल हैं.

जानकारी के मुताबिक, मरावी क्लिनिक का संचालक देवशंकर मरावी है, जो शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटा में क्लर्क पद पर कार्यरत हैं. कलेक्टर अवनीश शरण ने इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रखने के निर्देश दिए हैं.

कोटा एसडीएम युगल किशोर उर्वशा के नेतृत्व में राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामार शैली में दबिश देकर कार्रवाई की है. कोटा में गुरुद्वारा के पीछे संचालित मरावी क्लिनिक और महाशक्ति चौक में संचालित विश्वास क्लिनिक की जांच की गई. दोनों ही क्लिनिक में भारी मात्रा में एलोपैथी दवाइयां और इंजेक्शन पाए गए. मौके पर जांच के दौरान मरीजों की लंबी कतार देखी गई. विश्वास क्लिनिक में इलाज कराने आए धनरास के ग्रामीण विशंभर सिंह को कुल 713 रुपए की दवाई देकर 1300 रुपए वसूला गया, जिसे तहसीलदार ने वापस कराया.

इसके अलावा मरावी क्लिनिक में भी कार्रवाई की गई. इसके संचालक देवशंकर मरावी हैं, जो शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटा में क्लर्क के पद पर पदस्थ हैं. यहां भारी मात्रा में एलोपैथी दवाइयां रखकर इलाज किया जा रहा था. बिना डिग्री के इलाज और भारी मात्रा में भंडारित एलोपैथी दवाइयों और इंजेक्शन के कारण उक्त क्लीनिक को तहसीलदार ने सील कर दिया।

## सैनिक स्कूल रीवा स्थापना दिवस पर पुरा सम्मेलन सम्पन्न

**स्कूल के दो पुरा छात्र वर्तमान में थल सेना और नौ सेना अध्यक्ष**

**रायपुर | आरएनएस**

अविभाजित मध्यप्रदेश के समय रीवा स्थित प्रदेश के एक मात्र सैनिक स्कूल के स्थापना दिवस पर आयोजित पुरा छात्र सम्मेलन आज रिंग रोड नंबर 3 स्थित लोटस रिजार्ट में सम्पन्न हुआ। पुरा छात्र सम्मेलन में भाग लेने छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत पुरा छात्र सपरिवार शामिल हुए। सम्मेलन में भाग लेने लंदन के रेडियोलाजिस्ट डॉ. नवीन खन्ना और न्यू जर्सी अमेरिका के सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ महेन्द्र सिंह पटेल की उपस्थित विशेष उल्लेखनीय रही।

सम्मेलन के पहले दिन 19 जुलाई को रात्रि भोज और संगीत संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें देर रात तक सभी स्कूल दिनों की याद ताजा करते हुए संगीत की धुन में झूमते रहे। दूसरे दिन परंपरागत फुटबाल मैच, रस्सी खींच प्रतियोगिता सहित बच्चों, महिलाओं के पारिवारिक मैगों ईटिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।

सैनिक स्कूल रीवा की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए वर्ष 1980 बैच के पुरा छात्र एवं नेफ्रोलाजिस्ट संजीव अनंत काले ने बताया कि सैनिक स्कूल रीवा की स्थापना 20 जुलाई 1962 को की गई थी। वर्ष 1962 में स्थापना से लेकर इन 62 वर्षों में लगभग 4500 से अधिक छात्र शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। इसमें लगभग 900 छात्र भारतीय सेना के अधिकारी हैं।

जिसमें 20 से अधिक छात्र ले. जनरल, मेजर जनरल या समकक्ष पदों पर सेना में हैं। वर्तमान थल सेना अध्यक्ष ले. जनरल उपेन्द्र द्विवेदी और नौ सेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी सैनिक स्कूल रीवा के वर्ष 1982 पास आउट है। ले. जनरल के. टी पटनायक अरूणाचल प्रदेश के राज्यपाल हैं। सैनिक स्कूल के स्वर्णिम इतिहास को याद करते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध, श्रीलंका शांति सेना, कारगिल युद्ध में सैनिक स्कूल के छात्रों ने अप्रितम शौर्य का प्रदर्शन किया और अनेक वीरता चक्र प्राप्त किए। अब तक स्कूल के छात्रों को 03 वीर चक्र, 03 शौर्य चक्र, 04 सेवा मेडल सहित अन्य सैन्य सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। इसके अलावा सैनिक स्कूल रीवा के छात्र राजनीति, प्रशासन, अंतरिक्ष विज्ञान आदि क्षेत्रों में देश-विदेश में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## कडुवाहट भरी जिंदगी में आई मिठास, नौकरी ने पहाड़ी कोरवाओं के जीवन में लाया उल्लास

**स्वास्थ्य विभाग में मिली नौकरी से पहाड़ी कोरवाओं की बदल रही जीवनरेखा**

**कोरबा | आरएनएस**

यह पहाड़ी कोरवा समारिन बाई है। कुछ दिन पहले तक इन्हें गिनती के कुछ लोग ही जानते थे। यह सिर्फ इनकी ही बात नहीं है। इनके गाँव की भी यहीं बात है। घने जंगल के बीच मौजूद इनके गाँव टोकाभांठा को भी बहुत कम लोग जानते हैं। मुख्य सडक़ से दूर टोकाभांठा में रहने वाली पहाड़ी कोरवा समारिन बाई का जीवन भी घने जंगल में बसे गाँव की तरह गुमनाम सा था। जहाँ सुबह का सूरज तो रोज निकलता था, लेकिन इनकी जिंदगी में गरीबी का अंधेरा जस का तस रहता था। दिन के उजाले में पहाड़ के नजदीक पहाड़ जैसी जिंदगी जीने वाली समारिन बाई ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि एक दिन उन्हें नौकरी मिल जायेगी और अंधेरे से घिरी गरीबी को दूर कर कडुवाहट भरी जिंदगी में मिठास तथा जीवन में उल्लास का उजियारा लाएगी।

अजगर बहार ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम टोकाभांठा में रहने वाली समारिन बाई अब पहले से काफी बदल गई है। उनकी जिंदगी और रहन सहन में बदलाव की शुरुआत हाल ही के दिनों से हुई है। जिला प्रशासन की पहल पर जब विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा था तब समारिन बाई की शिक्षा भी बहुत काम आई। कक्षा दसवीं तक पढ़ी समारिन बाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेमरू में वार्ड आया की नौकरी मिल गई। फिर क्या था, जंगल में बकरी चराने वाली और गरीबी की वजह से आर्थिक तंगी से जूझने वाली समारिन बाई अस्पताल में अलग रूप में नजऱ आ रही है। ट्रे में दवाइयां लेकर मरीजों के वार्ड तक और डॉक्टर, नर्स के साथ उनके आसपास समारिन का दिन गुजर रहा है। उन्होंने बताया कि उसने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि एक दिन वह सरकारी अस्पताल में अपनी ड्यूटी करेगी। उन्हें तो लगता था कि हम पहाड़ी कोरवाओं की जिंदगी गरीबी के बीच जंगल में उनके पुरखों की तरह ही कठिनाइयों के बीच बीतेगी। पहाड़ी कोरवा समारिन बाई का कहना है कि उनका समाज ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं है। जंगल में गरीबी के बीच बहुत ही विषम परिस्थितियों में जीवन यापन करना पड़ता है। ऐसे में शिक्षा से जुड़ पाना संभव नहीं हो पाता। खासकर लड़कियों को घर के काम करने पड़ते हैं, उनका स्कूल जाना और पढ़ाई पूरी कर पाना बहुत चुनौती है। मैंने किसी तरह पढ़ाई तो कर ली थी लेकिन नौकरी मिलेगी यह कभी सोचा ही नहीं था। समारिन बाई ने बताया कि उन्हें अस्पताल में नौकरी मिली है। इस जगह में रहकर वह जान पा रही है कि अन्य समाज के साथ कैसे रहना है। किस तरह पढ़ाई कर महिलाएं काम कर रही है। यहाँ बहुत कुछ सीखने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि अभी मानदेय में जो राशि मिल रही है उससे घर का खर्च चला रही है। भविष्य में कुछ पैसे बचत करने की कोशिश भी करेगी ताकि अपने बच्चों का भविष्य बना पाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेमरू में ही पहाड़ी कोरवा समार साय, बुधवार सिंह की भी स्वच्छक तथा वार्ड बॉय के रूप में नौकरी लगी है। मानदेय के आधार पर मिली नौकरी से दोनों खुश है और बताते हैं कि दिन भर जंगल में बिताने से बेहतर है कि यहां काम कर कुछ पैसे मिल जाएं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU